# **प्लास्टिक  अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र**

देवरिया जनपद के विकास खण्ड तरकुलवा अंतर्गत तवक्कलपुर ग्राम पंचायत में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र स्थापित है। यह केंद्र जिले के अन्य 3 विकास खण्ड से भी लिंक है। इन सभी विकास खण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों से प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर  केंद्र पर भेजा जाता है, जहाँ उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण एवं पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) किया जा रहा है।

यह केंद्र स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे प्लास्टिक अपशिष्ट का सही प्रबंधन सुनिश्चित हो रहा है।